Hon'ble Education Minister Sh. Kalicharan Saraf felicitated Dr. V. K. Agarwal (Chancellor - SunRise University) and Dr. Manju Agarwal (SunRise University) by "Bhamasha Award 2014" for outstanding contribution in Education Field during 20th State Level Bhamasha Award Program 2014 at Birla Auditorium, Jaipur (Rajasthan).

अलवर के 12 भामाशाहों को राज्य स्तरीय पुरस्कार

अलवर। जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित 20वें भामाशाह सम्मान समारोह में अलवर के 12 भामाशाहों को शिक्षा मंत्री कालीचरण सर्राफ द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा पी.के. गोयल, शासन सचिव नरेशपाल गंगवार, निदेशक माध्यमिक शिक्षा ऑंकारसिंह व अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद थे। राज्य स्तर पर कुल 43 भामाशाहों व 14 प्रेरकों को सम्मानित किया गया। अलवर के भामाशाह हर्ष त्रैहान व अशोककुमार सैनी, त्रेहान होम डवलपर्स, राजेश सिंधी इब्दिदा, एच.एस. दुआ लिमिटेड, विशाल गुप्ता, आशियाना हाउसिंग लिमिटेड; अमलान कुमार पानी, वर्ल्ड विजन इण्डिया, गोवर्धन शर्मा इंफोसिस बी.पी.ओ. लिमिटेड, ए.पी. श्रृंगी सिगवर्कफाउण्डेशन भिवाड़ी, मुरारीलाल खण्डेलवाल, खेड़ली सैयद, डॉ. एस.सी. मित्तल, रेशमदेवी नानकचन्द मित्तल फाउण्डेशन, के.सी. नवीनकुमार, मेटसो मिनरल्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड, बॉबी रैनसो जिलेट इण्डिया लिमिटेड, भिवाड़ी व डॉ. वी.के. अग्रवाल, सनराईज यूनिवर्सिटी अलवर को सम्मानित किया गया।

सभी ने अलवर के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं व अन्य शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। साथ ही अशोक आहूजा, कनिष्ट लेखाकार, कोषागार अलवर व राजेश लवानिया, कनिष्ठ अभियंता सर्व शिक्षा अभियान ने भी प्रेरक के राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त किये।

तिलक राज पंकज, प्रोजेक्ट एकता-प्रोजेक्ट एकता के माध्यम से भामाशाहों को विद्यालयों में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया है। जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। राज्य स्तर पर कुल 43 भामशाहों में से अलवर के 12 भामाशाहों का सम्मानित किया जाना गौरव का विषय है। ये पुरस्कार प्रारम्भिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

जिले के दस स्कूल गोद लेंगे भामाशाह

राज्य स्तरीय समारोह में जिले के 12 भामाशाह व दो प्रेरकों का सम्मान

भास्कर न्यूज | अलवर

राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में जिले के 12 भामाशाहों और दो प्रेरकों का सम्मान किया गया। जयपुर में आयोजित इस समारोह के दौरान अलवर के भामाशाहों ने जिले के दस स्कूलों को गोद लेने और अन्य स्कूलों में सुविधा देने की घोषणा की है।

इस दौरान त्रेहान होम डवलपर्स ने सात स्कूल, सनराइज यूनिवर्सिटी ने तीन और रेशम देवी नानक चंद मित्तल फाउंडेशन ने एक स्कूल गोद लेने की घोषणा की। इसके अलावा भामाशाह मुरारीलाल खंडेलवाल ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, खेड़ली में वाटर कूलर व आरओ लगवाने की घोषणा की। आशियाना हाउसिंग लि मिटेड भिवाड़ी ने 35 स्कूलों में कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस दौरान भामाशाहों और प्रेरकों की जानकारी से संबंधित भामाशाह सम्मान प्रशस्ति पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री कालीचरण सराफ थे। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षा निदेशक वीनू जैन, राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिषद आयुक्त हनुमान सिंह भाटी व माध्यमिक शिक्षा निदेशक ओंकार सिंह सहित विभाग के अधिकारी और शिक्षाविद् मौजूद रहे।

अलवर. त्रेहान होम डवलपर्स प्रा. लि. के हर्ष त्रेहान और अशोक सैनी भामाशाह ट्रॉफी के साथ।

ये भामाशाह हुए सम्मानित

जयपुर में हुए कार्यक्रम के दौरान जिले के भामाशाह त्रेहान होम डवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक अशोक कुमार सैनी, इबिदा के कार्यकारी निदेशक राजेश सिंघी, एसआरएफ लिमिटेड भिवाड़ी के हैड एचएस दुआ, आशियाना हाउसिंग लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विशाल गुप्ता, वर्ल्ड विजन इंडिया के प्रोग्राम ऑफिसर अमलान कुमार पानी, इंफोसिस बीपीओ के गोवर्धन शर्मा, सिगवर्क फाउंडेशन के वाइस प्रेसीडेंट एपी श्रृंगी, दानदाता मुरारीलाल खंडेलवाल, रेशम देवी नानक चंद मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी डा. एससी मित्तल, मेटसो मिनरल्स इंडिया प्रा. लिमिटेड के उपाध्यक्ष केसी नवीन कुमार, जिलेट इंडिया लिमिटेड के प्लांट मैनेजर बीबी रेंसो तथा सनराइज यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. वीके अग्रवाल का सम्मान किया गया। इनके अलावा प्रेरक अशोक आहूजा और राजेश कुमार का भी सम्मान किया गया।

अलवर. डॉ. वीके अग्रवाल को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री।

अलवर. जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय भामाशाह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अलवर के 12 भामाशाहों को सम्मानित किया गया। इनमें अपना घर शालीमार के सीएमडी हर्ष त्रेहान, निदेशक अशोक कुमार सैनी, आईटी समूह के डॉ वीके अग्रवाल तथा मित्तल हॉस्पिटल के डॉ एससी मित्तल को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किए गए। यह पुरस्कार राज्य के शिक्षा मंत्री कालीचरण सर्राफ ने प्रदान किए।

त्रेहान ग्रुप डवलपर्स प्रा.लि. ने जिले में सरकारी स्कूलों में भवन निर्माण व अन्य भौतिक सहयोग के लिए अलवर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है तथा राज्य में दसवां स्थान पाया है। कार्यक्रम में प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा पी.के. गोयल, शासन सचिव नरेश पाल गंगवार, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक ओंकार सिंह व अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद थे। राज्य स्तर पर 43 भामाशाहों व 14 प्रेरकों को सम्मानित किया गया।

जिले में इन्हें भी किया सम्मानित

अलवर जिले के राजेश सिंघी, एचएस दुआ, अमलान कुमार, विशाल गुप्ता, गोवर्धन शर्मा, एपी श्रृंगी, मुरारी लाल खंडेलवाल, केसी नवीन कुमार, बॉबी रैनसो है। कनिष्ठ लेखाकार अशोक आहूजा, कनिष्ठ अभियंता राजेश लवानिया को राज्य स्तरीय प्रेरक के रूप में सम्मानित किया गया।

राज्य स्तरीय समारोह में 43 भामाशाह सम्मानित

शिक्षा मंत्री कालीचरण सराफ ने बिरला ऑडिटोरियम में 43 भामाशाहों का सम्मान किया। फोटो : राहुल

जयपुर (कासं)। शिक्षा मंत्री कालीचरण सराफ ने आज यहां बिड़ला सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए 43 दानदाताओं/भामाशाहों एवं भामाशाह को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने वाले 14 प्रेरकों को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर, प्रमाणपत्र एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर राज्य स्तरीय भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय सहयोग के लिए भामाशाह रामअवतार अग्रवाल, हरीश आंजना, विक्रम आंजना, गोपीबाई भेरूलाल भूरिया, माणक चन्द सिलोड़ा, अविनाश चन्द राय, प्रफुल राणावत, निखिल राणावत, पन्नालाल राणावत, रमेश झवेरी, बद्रीराम जाखड़, अशोक कुमार सैनी, सीतादेवी मालपानी, विनोद केशवदेव, विनोद नेवटिया,राजेश सिंघी, हरिचरन लाल शर्मा, पी.प्यारेलाल जैन, एच.एस.दुआ, शुभकरण शर्मा, कमला प्रसाद काजड़िया, विशाल गुप्ता, कुन्दन मल नाहर, मनोज महता, अमलान कुमार पानी को सम्मानित किया। इसी प्रकार भामाशाह डॉ. महेश शर्मा, गोवर्धन शर्मा, ए.पी.श्रृंगी, नारायणलाल ,शंभू सिंह सोलंकी, युवराज राठौड़, रामकिशन शाह, जोधराज बैद, मुरारीलाल खण्डेलवाल, डॉ.बदरीनारायण पंचोली, रेशम देवी नानक चंद, डॉ.एस.सी. मित्तल, के.सी. नवीन कुमार, राजेन्द्र सिंह, बॉबी रैंसो, नारायण दास गुरनानी ,राजेन्द्र गहलोत, ओमप्रकाश चौधरी, दौलत सिंह मीणा, नेमीचन्द तोसनीवाल , डॉ. वी.के. अग्रवाल, रामगोपाल चौधरी को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रेरक रमेशचन्द शर्मा, तेजसिंह जायसवाल, जगन्नाथ सोलंकी, ईश्वर सिंह राणावत, फाला सिंह राठौड़, एम.आर. दायमा, अशोक कुमार आहूजा, विष्णु प्रसाद खेड़वाल, सुरेशचन्द्र पाटीदार, ब्रजराज शर्मा, राजेश कुमार, सेन्द्र कुमार को सम्मानित किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा व भामाशाह की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया गया एवं इन दानदाताओं/भामाशाहों, प्रेरकों की जानकारी के सम्बन्ध में प्रकाशित भामाशाह सम्मान "प्रशस्ति पुस्तिका" का विमोचन किया गया।

- शिक्षा मंत्री कालीचरण सराफ ने बिड़ला ऑडिटोरियम में भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया

अरुणप्रभा
पोस्टल रजि. नं. L6-RJ/693/12-14
R.N.I. पंजीकरण सं. 38071/81

राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

भामाशाह करें शिक्षा के क्षेत्र में अधिक योगदान: शिक्षामंत्री

देश के 90 फीसदी भामाशाह राजस्थान के

43 भामाशाह व 14 प्रेरकों का सम्मान

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर

शिक्षा मंत्री कालीचरण सराफ ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का भामाशाह शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक योगदान करें, ताकि प्रदेश के प्रत्येक बालक-बालिका को शिक्षा से जोड़ कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर राजस्थान की नई पहचान बनाई जा सके।

शिक्षा मंत्री बुधवार को शिक्षा विभाग द्वारा बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित 20वें राज्यस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरता, त्याग, देशभक्ति व दानवीरता आदि के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। धर्मशालाओं, मंदिरों, स्कूलों के लिए दान करने की राजस्थान की परंपरा रही है। देश के 90 फीसदी भामाशाह राजस्थान के हैं। सराफ ने कहा कि शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है, ताकि गांव-ढाणी व दूरदराज के बच्चों को भी व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में संपूर्ण आधारभूत सुविधाओं से युक्त कक्षा 1 से 12 तक के आदर्श विद्यालय स्थापना करने के लिए भी सरकार विचार कर रही है।

जयपुर में बुधवार को भामाशाहो का सम्मान करते शिक्षा मंत्री सराफ।

साठ से अधिक स्कूल लिए गोद

सराफ ने इस अवसर पर भामाशाहो द्वारा स्कूलो को गोद लेकर उनमे आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया तथा विश्वास दिलाया कि सरकार शिक्षक व शिक्षण व्यवस्था मे किसी प्रकार की कमी नही आने देगी इससे प्रभावित होकर समारोह मे ही लगभग 60-65 स्कूलो को गोद लेने की भामाशाहो ने घोषणा की जो कि अब तक का कीर्तिमान है। इस अवसर पर जोधराज बैद, नई दिल्ली ने रतनगढ़, चूरू की 5 स्कूलो, सुमित्रादेवी ने पाली की 3 स्कूलो, त्रेहान होम्स डवलपर्स अलवर ने अलवर की 7 स्कूलो, सनराइज विश्वविद्यालय अलवर ने अलवर जिले की 2 स्कूलो, रेशम देवी नानक चंद मित्तल फाउण्डेशन, अलवर ने अलवर की 1 स्कूल, जेके जाजू ने 5 स्कूलो को गोद लेने की घोषणा की। इसके अलावा शुभकरण शर्मा द्वारा झुंझुनू की एक, तेजनारायण राणावत पाली द्वारा जिशिअ कार्यालय, पाली मे तथा मुरारीलाल खण्डेलवाल द्वारा राप्रावि खेडली मे वाटर कूलर व आरओ लगवाने की घोषणा की। इसके साथ ही आशियाना हाउसिंग लिमिटेड, भिवाड़ी (अलवर) द्वारा अलवर के 35 स्कूलो मे कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की गई।

इनका हुआ सम्मान

रामअवतार अग्रवाल भरतपुर, हरीश आंजना ए.सो. छोटी सादड़ी, माणकचंद सिलोड़ा गांव सांडिया पाली, हिंदुस्तान जिंक राजसमंद, प्रफुल्ल राणावत मुंबई, निखिल राणावत मुंबई, पन्नालाल राणावत मुंबई, रमेश झवेरी मुंबई, बद्रीराम जाखड़ भोपालगढ़ जोधपुर, त्रेहान होम डवलपर्स प्रालि अलवर, सीतादेवी मालपानी मुंबई, विनोद केशवदेव नेवटिया चेरिटी ट्रस्ट मुंबई, इब्तिदा अलवर, बस ऑपरेटर्स यूनियन करौली, पी लाल जैन चेन्नई, एसआरएफ लिमिटेड अलवर, शुभकरण शर्मा तिरुपर तमिलनाडु, कमला प्रसाद काजड़िया कोलकाता, आशियाना हाउसिंग लिमिटेड भिवाड़ी, कुंदनमल नाहर भीलवाड़ा, सीमेंट लिमिटेड रास पाली, वर्ल्ड विजन इंडिया अलवर, डॉ. महेश शर्मा रायपुर छत्तीसगढ़, इंफोसिस बीपीओ लिमिटेड कालवाड़ जयपुर, सिगवर्क फाउंडेशन अलवर, नारायणलाल कांचीपुरम तमिलनाडु, शंभु सिंह सोलंकी बूंदी, युवराज राठौर बूंदी, रामकिशन शाह खेतड़ी झुंझुनूं, जोधराज बैद नई दिल्ली, मुरारीलाल खंडेलवाल अलवर, डॉ. बद्रीनारायण पंचोली मांडलगढ़ भीलवाड़ा, रेशमदेवी नानकचंद मित्तल फाउंडेशन अलवर, मेटसो मिनरल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अलवर, राजेंद्र सिंह झुंझुनूं, जिलेट इंडिया लिमिटेड भिवाड़ी, नारायणदास गुरनानी जयपुर, राजेंद्र गहलोत जोधपुर, सेठ श्री सोहन लाल दुग्गड़ चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता, दौलतराम मीणा भरतपुर, नेमीचंद तोसनीवाल कोलकाता, सनराइज यूनिवर्सिटी अलवर, रामगोपाल चौधरी जयपुर।